समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# विक्रांत मैसी ने काम से ब्रेक लेने की बताई वजह, बोले- “अपने बेटे का पहली बार ‘पापा’ कहना मिस कर दिया”.

Publisher

Published on 09 Jul 2025



**सोशल मीडिया से दूरी और काम से ब्रेक पर बोले विक्रांत मैसी, परिवार के साथ समय बिताने के लिए लिया फैसला।**

**मुंबई :** बॉलीवुड के टैलेंटेड **अभिनेता विक्रांत मैसी** इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ‘**आंखों की गुस्ताखियां**’ के प्रमोशन में बिजी हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में काम और सोशल मीडिया से ब्रेक लेने के अपने फैसले पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि यह एक निजी फैसला था क्योंकि वे अपने परिवार के साथ जरूरी समय नहीं बिता पा रहे थे।

**क्यों लिया विक्रांत ने काम से ब्रेक ?**
**विक्रांत मैसी** ने बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में कहा, “अगर मुझे खुद को बेहतर बनाने के लिए ब्रेक लेना होगा, तो मैं जरूर लूंगा। पिछले कुछ साल करियर के लिहाज से शानदार रहे हैं, लेकिन मैंने परिवार के साथ पर्याप्त वक्त नहीं बिताया।”

उन्होंने साफ कहा कि यह फैसला पर्सनल था और उन्होंने खुद को रिचार्ज करने तथा अपने करीबी लोगों के साथ समय बिताने के लिए ब्रेक लिया।

बेटे के ‘**पापा**‘ कहने की पहली बार मिस कर दी
विक्रांत ने इमोशनल होते हुए बताया कि उन्होंने अपने बेटे का पहला दांत निकलना और उसका पहली बार ‘**पापा**‘ कहना मिस कर दिया।

उन्होंने कहा, “मेरे बेटे ने पहली बार मेरी गैरमौजूदगी में ‘पापा’ कहा था और मुझे उसका यह पल केवल एक वीडियो के जरिए देखने को मिला। यह दिल तोड़ने वाला था। मैंने उस वीडियो को अपने फोन में सेव कर रखा है।”

**भविष्य मे भी लेगें ब्रेक**

**विक्रांत मैसी** ने कहा कि अगर भविष्य में उन्हें फिर से खुद को सुधारने और परिवार के साथ वक्त बिताने की जरूरत महसूस हुई तो वे दोबारा ब्रेक लेने में संकोच नहीं करेंगे।

"अगर कल मुझे फिर से ब्रेक लेने का मन करता है, चाहे वो कल हो या कई सालों बाद, मैं खुद को बेहतर बनाने के लिए काम से ब्रेक लूंगा।"

### विक्रांत मैसी का वर्क फ्रंट

विक्रांत मैसी की अपकमिंग फिल्म '**आंखों की गुस्ताखियां**' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म **रस्किन बॉन्ड** की कहानी पर आधारित एक **रोमांटिक ड्रामा** है, जिसमें **शनाया कपूर** डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन **संतोष सिंह** ने किया है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.